दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO- UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करे-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

वर्ष :- 03 अंक :- 183 मुरादाबाद, 22 October 2023 (Sunday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## आठवां नवरात्री
## महागौरी

श्वेते वृषे समरूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोददा।।




मां दुर्गा के आठवें स्वरूप का नाम महागौरी है। दुर्गा पूजा के आठवें दिन महागौरी की उपासना का विधान है। इनकी शक्ति अमोघ और फलदायिनी है। इनकी उपासना से भक्तों के सभी कलुष धुल जाते हैं।

## भारत की शक्ति व सामर्थ्य का प्रतीक होगा नौसेना संग्रहालय, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया भूमिपूजन



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखनऊ में बनने वाले नौसेना के शौर्य संग्रहालय के लिए भूमि पूजन किया। उन्होंने कहा कि यह संग्रहालय भारत की शक्ति व सामर्थ्य का प्रतीक होगा।राजधानी लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम के पास बनने वाला नौसेना का शौर्य संग्रहालय भारत की पांच हजार सालों की शक्ति व सामर्थ्य का प्रतीक होगा। शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संग्रहालय के लिए भूमि पूजन व शिलान्यास किया।यह संग्रहालय लखनऊ का नया पर्यटन स्थल बनेगा। शिलान्यास समारोह में वाइस एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी भी मौजूद रहे। 23 करोड़ की लागत से बनने वाले संग्रहालय में रिटायर्ड युद्धपोत, आईएनएस गोमती व उससे संबंधित उपकरण मिसाइल, टारपीडो, कैनन आदि का प्रदर्शन किया जायेगा। भूमि पूजन कार्यक्रम में कन्याओं को भी बुलाया गया। मुख्यमंत्री योगी ने उन्हें दक्षिणा दी।अपने संबोधन में वाइस एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय नौसेना और लखनऊ के बीच संबंध है। आईएनएस गोमती जिसने 34 वर्ष तक अपनी सेवाएं दी। इसे पिछले वर्ष सम्मानपूर्ण रिटायर किया गया। नौसेना में भर्ती होने वाले युवाओं में से बड़ी संख्या यूपी के युवाओं की हैं इसलिए उन्हें सम्मान देने के लिए यूपी में संग्रहालय बनाना बिलकुल उचित है। उन्होंने कहा कि पृथ्वी का 71 फीसदी हिस्सा पानी है। 90 फीसदी आयत निर्यात पानी के रास्ते से किया जाता है। 5000 साल पहले सिंधु घाटी सभ्यता में गुजरात में पहला बंदरगाह बना था। पानी का रास्ता सुरक्षा और समृद्धि की महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने कहा कि ये संग्रहालय केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना में शामिल होने के लिए प्रेरणा देगा। युवा शक्ति से उम्मीद है कि वो भारत की महान धरोहर को आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि यह सेना में शामिल होने का गोल्डेन टाइम है।

### अयोध्या पहुंचे मुख्यमंत्री योगी, मंदिर निर्माण की प्रगति देंखेंगे, रविवार को भी यहीं रहेंगे मौजूद

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को अयोध्या पहुंच गए हैं। यहां वह राम मंदिर निर्माण की प्रगति देंखेंगे और रविवार को भी नगर में रुकेंगे।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को एकदिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे। रामकथा पार्क स्थित हेलीपैड पर उतरने के बाद भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। यहां से उनका काफिला सीधे हनुमानगढ़ी पहुंचा। जहां वे दर्शन-पूजन कर रहे हैं।हनुमानगढ़ी दर्शन के बाद रामलला के दरबार जाएंगें जहां रामलला का दर्शन कर मदिर निर्माण कार्य की प्रगति देखेंगे। मुख्यमंत्री यहां से मंडलायुक्त सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक करेंगे।मुख्यमंत्री योगी रविवार को भी अयोध्या में ही रहेंगे। उनके साथ प्रमुख सचिव संजय प्रसाद भी मौजूद हैं।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## राज्य सम्मेलन: नेताओं की मांग- किसान सम्मान निधि नहीं किसानों को उनकी फसल का दाम का सही दाम दिया जाए




संयुक्त किसान मोर्चा के राज्य सम्मेलन में किसान नेताओं ने सरकार से किए गए वादों को पूरा करने की अपील की है और कहा कि उन्हें किसान सम्मान निधि नहीं बल्कि फसलों का सही दाम दिया जाए। संयुक्त किसान मोर्चा के राज्य सम्मेलन में किसान नेताओं ने कहा कि किसान आंदोलन को खत्म करते समय सरकार ने जो वादे किए थे वो पूरे नहीं हुए हैं। इसे लेकर किसानों में नाराजगी है। हमारी अगली लड़ाई किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य दिलाने के लिए है। हम सरकार से न्यूतम समर्थन मूल्य की मांग करते हैं और किसानों को किसान सम्मान निधि की जगह उनकी फसल का दाम दिया जाए। लखनऊ के गांधी भवन में आयोजित सम्मेलन में किसान नेताओं ने अपनी बात की। तेजिंदर सिंह विर्क ने कहा कि सरकार किसानों पर हमला कर रही है। 5000 करोड़ रुपये किसानों का गन्ना मूल्य और चीनी मिलों का बकाया है। धान की बेकद्री हो रही है। सभी किसान और मजदूर संगठन एक होकर लड़ेंगे और 2024 के चुनाव में आइना दिखाएंगे। अब हमें जवाब नहीं दस साल का हिसाब चाहिए। एक बार फिर हम दोबारा किसानों के बीच जाएंगे। आज 20 संगठन यहां एकत्र हुए हैं। 26 से 28 नवंबर के कार्यक्रम को सफल बनाएं। अखिल भारतीय किसान सभा केपी कृष्ण प्रसाद ने कहा कि किसान आंदोलन जितना मजबूत होगा। उतना देश मजबूत होगा। अब यह नहीं होगा कि जो किसान की बात करेगा वही देश पर राज करेगा। अब किसान ही देश पर राज करेगा। देश में किसान, मजदूर आधारित राज होना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन को देशद्रोही और विदेशी फंडिंग वाला बताया गया। हमें इसका जवाब देना होगा। सच्चाई यही है कि केंद्र सरकार ही देशद्रोह कर रही है। वह विदेशी कंपनियों को किसानों की जमीन दे रही है। हमें अनाज का पूरा दाम मिलना चाहिए। 6000 रूपये सम्मान निधि नहीं चाहिए। भाकियू टिकैत के राष्ट्रीय महासचिव राजबीर सिंह जादौन ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि दिल्ली में हुआ आंदोलन ऐतिहासिक था। देश की अहंकारी सरकार को घुटने पर लाने को मजबूर कर दिया। सभी किसान और मजदूर संगठन एकत्र हुए। सरकार ने एमएसपी लागू करने का वादा किया था पर नहीं किया। उन्होंने कहा कि हमारी अगली लड़ाई किसानों को उत्पाद का अधिकतम मूल्य दिलाने के लिए होगी। भारत सबसे बड़ा बाजार है अन्य देश अपना सामान यहां बेचते हैं। हमें सरकार के अगले कदम पर ध्यान देना होगा।

## 'आंबेडकर का योगदान संविधान तक सीमित नहीं', एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने बाबासाहेब की गिनाईं उपलब्धियां



एनसीपी प्रमुख ने कहा कि वर्तमान पीढ़ी केवल संविधान के प्रति आंबेडकर के योगदान से अवगत है। जबकि उन्होंने पानी के उपयोग और इसके बुनियादी ढांचे के निर्माण पर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने शनिवार को कहा कि देश के लिए बीआर आंबेडकर का योगदान केवल संविधान तक ही सीमित नहीं है, बल्कि जल और बिजली जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों के फैसले लेने में भी शामिल है। पवार अपनी पुस्तक द प्रॉब्लम ऑफ द रुपी- इट्स ओरिजिन एंड इट्स सॉल्यूशन के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे। उन्होंने इस दौरान कहा कि देश में संसदीय लोकतंत्र को संरक्षित करने के लिए आंबेडकर श्रेय के पात्र हैं। वह 1942 से 1946 तक वायसराय की कार्यकारी परिषद के सदस्य थे, जो श्रम, पानी और बिजली के लिए जिम्मेदार थी। एनसीपी प्रमुख ने कहा कि वर्तमान पीढ़ी केवल संविधान के प्रति आंबेडकर के योगदान से अवगत है। जबकि उन्होंने पानी के उपयोग और इसके बुनियादी ढांचे के निर्माण पर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए। महाराष्ट्र के चार बार के मुख्यमंत्री ने कहा कि सतलज नदी पर बने भाखड़ा नांगल बांध, पश्चिम बंगाल और झारखंड में संचालित सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली जनरेटर कंपनी दामोदर वैली कॉरपोरेशन के निर्माण का महत्वपूर्ण निर्णय आंबेडकर के कार्यकाल के दौरान लिया गया था। पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा, भाखड़ा नांगल बांध ने पंजाब और हरियाणा के लिए सिंचाई क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे दोनों राज्यों में कृषि विकास को बढ़ावा मिला। बांधों के निर्माण का निर्णय लेते समय उन्हें यह भी एहसास हुआ कि इन बांधों से बिजली पैदा करना कितना महत्वपूर्ण है।'
एनसीपी नेता ने राज्य स्तर पर बिजली उत्पादन को सक्षम करने के लिए राज्य बिजली बोर्डों की नींव रखने और बिजली उत्पादन नहीं करने वाले राज्यों में बिजली ले जाने के लिए ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया की स्थापना के लिए भी आंबेडकर को श्रेय दिया। पवार ने कहा, 'आंबेडकर द्वारा लिए गए फैसलों का लाभ लोग अब भी उठा रहे हैं।'

## संकट में इंडिया गठबंधन: अखिलेश बोले, साजिश न करे कांग्रेस... गठबंधन नहीं करना है तो स्पष्ट बताए

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि अगर कांग्रेस गठबंधन नहीं करेगी तो लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को हराने के लिए हम अपनी तैयारी करेंगे। कांग्रेस हमसे साजिश न करे।मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ गठबंधन न होने को लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कांग्रेस पार्टी के उन्होंने कहा कि कांग्रेस गठबंधन नहीं करना था ही क्यों था। साफ-साफ इंडिया गठबंधन है राज्यों के लिए नहीं बुलाकर हमसे चर्चा की जानकारी ली गई।उन्होंने बताए कि लोकसभा या नहीं। अगर वो मना कर के लिए अपनी तैयारी



नेताओं पर हमला बोला। को बताना चाहिए कि जब तो हमारे नेताओं को बुलाया बताना चाहिए था कि लोकसभा चुनाव के लिए लेकिन हमारे नेताओं को गई और सीटों के बारे में पूरी कहा कि कांग्रेस हमें स्पष्ट चुनाव में गठबंधन करना है देंगे तो हम भाजपा को हराने करेंगे। कांग्रेस हमसे साजिश या षडयंत्र न करे। सपा अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस को बयानबाजी करने वाले नेताओं को रोकना चाहिए। उन्होंने समाजवादी नेता राम मनोहर लोहिया का बयान याद दिलाते हुए कहा कि जब कांग्रेस कमजोर होगी तो उसे समाजवादियों की जरूरत पड़ेगी। बता दें कि कांग्रेस नेता अजय राय ने सपा के बारे में बेहद तल्ख टिप्पणी की थी जिस पर अखिलेश यादव ने करारा जवाब दिया था। इसके बाद से ही विपक्षी गठबंधन इंडिया में सपा के रहने को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बोले- सपा सरकार में दंगाइयों के हवाले था सूबा, सपाई परिवारवाद तक सीमित

भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि जब अखिलेश यादव शासन में थे, तो पूरे प्रदेश में अराजकता थी और सरकार दंगाइयों के साथ खड़ी थी। मुलामय सिंह यादव के शासन काल में महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी की गई और कारसेवकों पर गोलियां चलवाई गईं। हरदोई जिले में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के सूबे में मच्छर न संभाल पाने और विश्वगुरू बनने की बात पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने पलटवार किया है। भूपेंद्र चौधरी ने कहा है कि भाजपा ने चुनाव से पहले संकल्प पत्र में जो कहा था वह



सब करके दिखाया। अखिलेश यादव अपना और मुलायम सिंह यादव का कार्यकाल याद कर लें, फिर टिप्पणी करें। उन सरकारों में सूबा दंगाइयों के हवाले था। उन्होंने कहा कि संविधान के प्रति हम संकल्पित हैं, लेकिन सपाई परिवारवाद और जातिवाद तक ही सीमित हैं। उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी के पति उपेंद्र तिवारी की पुण्य तिथि में शामिल होने के लिए हरदोई पहुंचे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने पत्रकारों से कहा कि हमारी सरकारों ने बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, सुरक्षा सहित सभी विषयों पर काम किया है।

### देश और प्रदेश को बेहतर बनाने के लिए मोदी और योगी

जब अखिलेश यादव शासन में थे, तो पूरे प्रदेश में अराजकता थी और सरकार दंगाइयों के साथ खड़ी थी। मुलामय सिंह यादव के शासन काल में महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी की गई और कारसेवकों पर गोलियां चलवाई गईं। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश को बेहतर बनाने के लिए मोदी और योगी के नेतृत्व में काम किया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि जनता को योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

### भाजपा ने बाबा साहब की विचारधारा को आगे बढ़ाया

प्रधानमंत्री से लेकर बूथ अध्यक्ष तक सेवा कार्या, रचनात्मक कार्यों के जरिए सरकार का रिपोर्ट कार्ड जनता के बीच ले जा रहे हैं। अखिलेश के बाबा साहब का संविधान खतरे में होने संबंधी बयान पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बाबा साहब के प्रतीक चिन्हों को मिटाने का काम हमेशा सपा ने किया है। भाजपा ने बाबा साहब की विचारधारा को आगे बढ़ाया है।

### लोकतंत्र में भाषा की मर्यादा जरूरी

कांग्रेस नेताओं और अखिलेश यादव के बीच चल रही जुबानी जंग पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि लोकतंत्र में भाषा की मर्यादा बनाए रखनी चाहिए। अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य के मुख्यमंत्री रहे हैं। विपक्ष के नेता भी हैं, लेकिन इन लोगों का इतिहास और सभ्यता कुछ अलग है। जनता का ध्यान भटकाने के लिए ठगबंधन किया गया है। यह लोग कुछ भी कर लें प्रदेश और देश की जनता सब जानती है।

## संपादकीय Editorial

# Who is the killer of five hundred?

There was a massive explosion in the Gaza Strip and 500 dead bodies lay in 'Al Ahli Arab' hospital. Arguably this is genocide and contrary to the rules and ethics of war. People were undergoing treatment in the hospital or were hiding to escape Israeli bombardment. He was murdered. Russia and China first used 'veto' in favor of Hamas and Palestine in the United Nations Security Council. Then America used 'veto' regarding Israel's 'right to self-defense'. Both resolutions collapsed and no decision could be taken in the Security Council.

There was a missile attack on the hospital or a rocket misfired. Was his killer Hamas or did the Israeli army carry out the genocidal attack? There are contradictory allegations on this question. Arab and Islamic countries consider Israel a 'genocide', while Israel argues that this massive explosion was caused by Hamas terrorists, because it has a history of misfiring rockets and missiles. Last May, 2023 itself, Hamas fired 1469 rockets, out of which 291 rockets exploded midway. Some rockets fell into the sea. Israel wants to present some evidence to the Security Council in view of the massive hospital explosion. Iran is provoking Muslim countries and threatening to mobilize on the streets against Israel. America has warned Iran against such attitude. US President Joe Biden went to Israel for a few hours.

Imposed sanctions on some people, openly supported Israel, described Hamas as deadlier and worse than ISIS and returned to Washington. There was no briefing about the secret conversation between Biden and Netanyahu. However, Biden could not go to Jordan and hold summit talks with the leaders of Arab countries, how serious can this be considered? However, apart from Gaza, Israel has also carried out air strikes in Lebanon and Syria. Rockets and missiles are still being fired at Israel. Where will these horrors stop? Millions of people have been displaced from Gaza, but millions are still in Gaza. They are trapped in a 'hellish maze'. Hamas is using them as 'human shields', but is also killing them. Israel has started supplying some water, electricity, fuel, medicine etc.

to the people of Gaza, but Israel's bombing continues unabated. After death, people are being buried in a 'mass grave'. If the UN has the prerogatives, why can't it intervene and stop these killings and war?

To us, the United Nations appears to be a 'white elephant' because wars are being fought in four different parts of the world. Who will decide the culprit of the massive explosion in Gaza, because both sides have their own claims. The Arab League, a group of 22 Arab countries in the United Nations, has said that Israel will have to stop the attacks immediately.

Israel should also declare a ceasefire. In the current war, more than 4500 people from both sides have died and more than 13,000 are said to be injured. The world seems to be dividing into two parts. On one side there are Muslims and Palestine supporters. He is also clearly not anti-Hamas. On the other side are the Jews and their supporters. Countries like America, India, Britain, Germany, France etc.

are supporting Israel. Is this division in the world's interest? Millions of citizens of Arab countries are working or engaged in business in these big countries.

If the situation comes to expel them from those countries and the Arab countries also retaliate, then the entire world system will be disturbed. Actually this is Muslim-Jewish war, which is eternal. Such communal wars should be unacceptable in the 21st century.

# 'Top hospitals' that provide life are turning deadly due to 'fires'

While sick people go to hospitals to get a new life, they are also dying due to the fire incidents that occur from time to time. According to a report, 122 people died in 29 major incidents of fire in hospitals in the country between August 2020 and April 2022...Hospitals are where sick people go to get a new life, while the fire incidents that occur from time to time. Those people are dying without any reason. According to a report, between August 2020 and April 2022, 122 people died in 29 major fire incidents in hospitals in the country. The following are the incidents of fire in hospitals this year: * On October 16, in the morning, P.G.I. There was chaos due to fire in the basement of 'Advanced Eye Centre', Chandigarh. Earlier on October 9 also, P.G.I. There was a massive fire in 'Nehru Hospital'. * On 12th October, CHL of Indore (Madhya Pradesh) Due to a fire that broke out on the first floor of the hospital at night, the entire hospital was filled with smoke and the I.C.U. 5 patients admitted in the hospital survived. * On August 23, a patient died tragically due to burns in a fire in a hospital in Hisar. * On August 7, there was chaos due to a fire on the second floor of AIIMS, Delhi. 8 fire brigade vehicles controlled the fire and took the patients to a safe place. * On July 30, after a fire broke out in the early hours of the morning in a hospital in Ahmedabad (Gujarat), 106 patients undergoing treatment in various wards were hurriedly evacuated to safe places. * On July 12, a patient in the Medical College of Kota (Rajasthan) died after the oxygen mask fitted to him caught fire due to a spark and the mask stuck to his neck. * On June 9, a mother from Delhi- A fire broke out in the child hospital but the fire brigade arrived in time and rescued 20 children from there safely. * On March 16, a child died in a fire caused by a short circuit in a hospital in Shihori town of Banaskantha (Gujarat) district, while two other children were badly burnt. * Six people, including a doctor couple, died in a massive fire that broke out in Hazara Hospital in Dhanbad (Jharkhand) on the night of 28 January. * On January 1, two people were burnt to death in a fire in a nursing home in Greater Kailash area in Delhi. * On January 1, two hospital employees died in a fire in an eye hospital in Ahmedabad (Gujarat). Death occurred. Since most of the patients undergoing treatment in hospitals are unable to walk, it is difficult for them to save their lives in case of fire, hence it is necessary to have proper rescue arrangements there. Despite this, cases of violation of safety standards and not conducting safety audit in hospitals keep coming to light and a large number of hospitals in the country are running without fire license. In Bhopal, Madhya Pradesh alone, there are 190 hospitals where satisfactory arrangements to deal with fire were not found. Similarly, CAG had stated in a report in April this year that none of the 99 major hospitals of Himachal Pradesh had received the No Objection Certificate from the Fire Department. Under the order issued on November 30, 2020, the Central Government had asked the hospitals and nursing homes across the country to follow fire safety measures and the Supreme Court has also asked the Fire Department to conduct fire safety audit in the hospitals of all the states. .O.C. Orders have also been issued, but these are not being followed. Therefore, it is important to ensure that the concerned hospital staff remain alert while on duty, fix responsibility on them for any malfunction, and ensure regular checking of electrical equipment etc. Apart from this, there is a need to take strict action against the staff responsible for such deaths, otherwise people will continue to die in hospitals.

# War against Hamas is logical but what is the fault of innocent civilians?

Today has been 9 days since the attack on Israel by the terrorist organization 'Hamas'. Today has been 9 days since the attack on Israel by the terrorist organization 'Hamas'. During this period, a large number of people from Israel and Palestine have been killed. 1300 people were killed in Hamas' attack on Israel and about 2670 Palestinians have been killed in Israel's attack and thousands have been injured. Of which 60 percent are children and women. After the attacks by Hamas, Israel is now going to retaliate by land, air and sea. In this development, the entire Europe including Germany and other countries like America, England, France, Canada and India etc. have shown solidarity with Israel and said that they will stand with Israel. US President Joe Biden has said 'I stand with Israel'. America has also sent its second aircraft carrier to this region. Whereas 'Hamas' has kept hundreds of Israeli women, men and children hostage. Mention of Germany among the pro-Israel countries is necessary because the German dictator Hitler committed maximum atrocities on the Jews and 60 lakh Jews lost their lives in Hitler's torture camps, but why did innocent Palestinians be punished to teach a lesson to Hamas? Are you going? After all, they have homes and families in this area, small children, where will they go? Many buildings have been destroyed by dropping bombs and all this action is against the United Nations Code of War which prohibits attacks on civilian populations. One million Palestinians, including children, women and the elderly, as well as hundreds of injured admitted to hospitals, were ordered to evacuate northern Gaza within 24 hours. Even though Israel had warned them, where would they go? To the south is Egypt, which is not allowing them to come here. Although according to the 1948 decision of the United Nations, both have equal rights on this place, but Palestine did not accept it. On the other hand, of course Israel had accepted the principle of two states but in this they kept more of their share while Palestine's is less. Recently, Israel's agreements with Saudi Arabia, Qatar, United Arab Emirates etc. seemed to help in establishing peace in the region, but now all this is looking difficult. For the last 30 years it has been said that this problem should be resolved by bringing together the leaders of both sides, Israel and Palestine, but neither America nor any other country is interested in an agreement between them. This is the reason that even when there is talk of agreement, all the countries are not ready to sit together at the negotiating table and in the absence of talks, deaths are taking place on both sides. It is noteworthy that Palestine is one of the oldest civilizations. Judas and Palestinians lived here earlier. As a result of the arrival of the Egyptians, the Jews had to leave this place 2000 years ago and settled in Europe. Christianity came here when the Romans became Christians in the third century. After this, Islam came here from 741 AD. Jesus Christ was born at this place, Judaism was established here and Al-Aqsa Mosque, which holds the most important place after Mecca in Islam, is also here. It can be said that this place is the origin of three great religions of the world. After the First World War, when the Ottoman Empire broke up and France, Italy and Britain divided this entire large area, which was earlier Palestine and also covered Turkey. Turkey became a separate country after independence and the Israeli part was with England. England had said in the Belfast Declaration that we will let the Jews come and live here, but before the Second World War, England had promised the Jews that if you support us, we will hold a referendum here, but after the Second World War ended, they Didn't take much interest in it. Without finding any just solution to this problem, the British left this area in May 1948 and there was a lot of fighting at that time. Later this area was demarcated according to the Charter of the United Nations but it was neither accepted by the Islamic countries nor by Israel. Amnesty International and Wagner's investigators say that Israel is spraying white phosphorus on Gaza City. Of course, it is necessary to punish Hamas but no one can deny this, but killing the civilian population cannot be justified from any point of view. By continuing the attacks, Israel is giving an opportunity to 'Hamas' and 'Hezbollah' to further advance and strengthen their organization. Along with this, it would also not be inappropriate to say that if this war continues for another week-one and a half weeks, then it is possible that Muslim countries, which have made new agreements with Israel, may try to break the agreement and or Israel may Can refuse to go along. In such a situation, will the situation go back 10 years or will any country come forward for mediation? Surely by then Palestine would have suffered loss of life and property. Israel's intelligence chief said on Saturday that the final result of this war would be complete victory.It is noteworthy that Palestine is one of the oldest civilizations. Judas and Palestinians lived here earlier. As a result of the arrival of the Egyptians, the Jews had to leave this place 2000 years ago and settled in Europe. Christianity came here when the Romans became Christians in the third century. After this, Islam came here from 741 AD. Jesus Christ was born at this place, Judaism was established here and Al-Aqsa Mosque, which holds the most important place after Mecca in Islam, is also here. It can be said that this place is the origin of three great religions of the world. After the First World War, when the Ottoman Empire broke up and France, Italy and Britain divided this entire large area, which was earlier Palestine and also covered Turkey. Turkey became a separate country after independence and the Israeli part was with England. England had said in the Belfast Declaration that we will let the Jews come and live here, but before the Second World War, England had promised the Jews that if you support us, we will hold a referendum here, but after the Second World War ended, they Didn't take much interest in it. Without finding any just solution to this problem, the British left this area in May 1948 and there was a lot of fighting at that time. Later this area was demarcated according to the Charter of the United Nations but it was neither accepted by the Islamic countries nor by Israel. Amnesty International and Wagner's investigators say that Israel is spraying white phosphorus on Gaza City. Of course, it is necessary to punish Hamas but no one can deny this, but killing the civilian population cannot be justified from any point of view. By continuing the attacks, Israel is giving an opportunity to 'Hamas' and 'Hezbollah' to further advance and strengthen their organization.Later this area was demarcated according to the Charter of the United Nations but it was neither accepted by the Islamic countries nor by Israel. Amnesty International and Wagner's investigators say that Israel is spraying white phosphorus on Gaza City. Of course, it is necessary to punish Hamas but no one can deny this, but killing the civilian population cannot be justified from any point of view.

# भजनों पर झूमे अधिवक्ता, हवन पूजन में शामिल हुए न्यायिक अधिकारी



मुरादाबाद-दी बार एसोसिएशन और लाइब्रेरी की ओर से बार एसोसिएशन परिसर में नवरात्र के अवसर पर हवन पूजन व भजन कार्यक्रम ,दी बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी भवन में हवन पूजन करते एसोसिएशन के पदाधिकारी व न्यायिक अधिकारी .दी बार एसोसिएशन और लाइब्रेरी की ओर से शनिवार को बार एसोसिएशन भवन में नवरात्र के शुभ अवसर पर हवन पूजन व भजनों का कार्यक्रम आयोजित किया गया। डेंगू , टाइफाइड आदि बीमारियों से मुक्ति और वातावरण की शुद्धि के लिए धार्मिक अनुष्ठान करने के क्रम में एसपी गुप्ता भवन में हवन पूजन और भक्ति रस से ओतप्रोत भजनों का कार्यक्रम आयोजित किया गया। हवन हाथी वाले मंदिर के महंत पंडित राम नायक ने संपन्न कराया। भक्ति भजनों और दुर्गा जी की भेंटों को मोहित वर्मा एवं गौरव आनंद ऑर्केस्ट्रा टीम द्वारा प्रस्तुत किया गया। भजनों पर गायको ने अधिवक्ताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया अधिवक्ता और न्यायिक अधिकारियों को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। हवन में मुख्य यजमान के रूप में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार सक्सेना व जनपद न्यायाधीश डॉक्टर अजय कुमार रहे। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारी भी शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील कुमार सक्सेना थे। कार्यक्रम का संचालन एसोसिएशन के महासचिव अभय कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में आदेश कुमार श्रीवास्तव, विनय कौशिक, रमाशंकर गुप्ता, आनंद मोहन गुप्ता, प्रभात गोयल, अनिल गुप्ता, पारुल अग्रवाल, खलील अहमद, विनीत कुमार भटनागर, सीता सैनी, सुरेश चंद्र गुप्ता, हरिशंकर आर्य, मनीष प्रताप सिंह, मुन्नी देवी, सलीम अहमद, अलका शर्मा, कबीर खालिद, कमल कौशल सिंह, मुकेश वर्मा, नासिर हुसैन, रमा पांडे, प्रमोद प्रत्येकी, संजीव राघव , दिनेश चंद्र , टीकाराम दिवाकर, सुनील कुमार आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# नगर आयुक्त ने लगाया आर्थिक दंड तो टूटी कार्यदायी संस्था के जिम्मेदारों की नींद



मुरादाबाद-महानगर में टूटी सड़कों की मरम्मत में आई तेजी, नगर निगम की टीम ने सिविल डिफेंस चौराहा सहित अटल पथ व अन्य जगहों पर गड्ढों को पैचअप किया दशहरा, दिवाली को देखते हुए महानगर की सड़कों के गड्ढे भरने में तेजी आई।

नगर आयुक्त संजय चौहान के द्वारा निरीक्षण में सड़कों के गड्ढे न भरे जाने पर नाराजगी जताकर कारवाई की चेतावनी पर शनिवार को सड़कों की मरम्मत की गई। नगर निगम के निर्माण अनुभाग के अवर अभियंता आदि के नेतृत्व में टीम ने अटल पथ, सिविल डिफेंस चौराहा सहित अन्य जगहों पर टूटी सड़कों का पैचअप कराया। नगर आयुक्त ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में सड़कों की मरम्मत के अलावा मंदिरों के आसपास सफाई, चूना छिड़काव करने, एंटीलार्वा का छिड़काव कराकर कूड़े का उठान और पथ प्रकाश व्यवस्था ठीक करने का निर्देश दिया है। वह स्वयं निरीक्षण कर इसकी प्रगति देख रहे हैं। बुध बाजार में कार्यों में लापरवाही पर कार्यदायी संस्था पर आर्थिक दंड भी लगाया है। जो भी लापरवाही बरतेगा उसके खिलाफ कारवाई होगी। इसी क्रम में बुध बाजार सहित अन्य क्षेत्र में रेट्रोफिटिंग आफ ओल्ड मार्केट एरिया परियोजना के कार्यों में लापरवाही पर नगर आयुक्त व सीईओ ने आर्थिक दंड लगाया था। जिसके बाद कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों की नींद टूटी।

विशेषज्ञ टीम के निरीक्षण में यूपीआरएनएनएल के वेंडरों ने अपने परियोजना कार्य स्थल पर कमियों को दूर करने में तेजी दिखाई। एसीईओ अतुल कुमार ने बताया कि टीम के निरीक्षण में बैरिकेडिंग, सुरक्षा संबंधी चेतावनी बोर्ड लगा दिया गया है। कार्यदायी संस्था का बोर्ड लगा मिला। खोदाई कर छोड़े गए गड्ढों को कार्यदायी संस्था ने भरना शुरू कर दिया है। इसकी लगातार मानीटरिंग की जा रही है। नागरिकों की सुविधा के लिए काम जल्द पूरा कराने में लापरवाही न बरतने के लिए कहा है।

# बैंड प्रतियोगिता में जीजी हिंदी इंटर कॉलेज ने मारी बाजी



मुरादाबाद-माध्यमिक विद्यालयों की जनपद स्तरीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता का आयोजन जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देशानुसार जीजी हिंदू इंटर कॉलेज मुरादाबाद में किया गया। जिसका उद्घाटन विद्यालय के उप प्रधानाचार्य वीरेश कुमार गौतम ने प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त कर किया। साथ ही अच्छे प्रदर्शन के लिए सभी को शुभकामनाएं दी

प्रतियोगिता में मेजबान विद्यालय जीजी हिंदू इंटर कॉलेज मुरादाबाद के अलावा स्वरूपी देवी मेमोरियल इंटर कॉलेज मुरादाबाद की टीम ने प्रतिभाग किया द्य प्रतिभागियों ने क्विक मार्च, स्लो मार्च और देशभक्ति गीतों की धुन पर शानदार प्रस्तुतियां दी। जिसे उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं ने तालियां बजाकर खूब सराहा द्य निर्णायक का दायित्व अरविंद मोहन पांडे, हेमंत अवस्ती और वंश बहादुर ने निभाया। प्रतियोगिता में सुंदर व आकर्षक प्रस्तुति देते हुए जीजी हिंदू इंटर कॉलेज मुरादाबाद के छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि एसडीएम इंटर कॉलेज उपविजेता रहा। अब यह टीम प्रदेश स्तरीय बैंड प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। इस अवसर पर विमलेंद्र कुमार शर्मा, डॉ सुनीत गिरी, हरिशंकर भारतीय, आफताब हसन, वीरेंद्र सिंह, डॉ जयंती देवी आदि मौजूद रहे।

# पुरानी पेंशन योजना की बहाली सहित 22 सूत्रीय मांगों को पूरा करे सरकार



मुरादाबाद-उत्तर प्रदेशीय मिनिस्ट्रियल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ की जिला इकाई की ओर से मुशायरा ग्राउंड में धरना प्रदर्शन किया गया उत्तर प्रदेशीय मिनिस्ट्रियल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ की जिला इकाई की ओर से शनिवार को पुरानी पेंशन योजना की बहाली सहित 22 सूत्रीय मांगों को लेकर मुशायरा ग्राउंड में धरना प्रदर्शन किया गया। जिलाध्यक्ष गोपीकृष्ण ने कहा कि संघ की मुख्य मांगों में पुरानी पेंशन योजना की बहाली, जनपद मुख्यालय स्तर पर कलेक्ट्रेट का नाम जिलाधिकारी कार्यालय के स्थान पर मिनी/जनपद सचिवालय रखने, कलेक्ट्रेट लिपिक संवर्ग के कर्मचारियों को नायब तहसीलदार के 10 प्रतिशत पदों पर प्रोन्नति दी जाए है। इसके अलावा वेतन बैंड, उत्तर प्रदेश कलेक्ट्रेट लिपिक संवर्ग सेवा द्वितीय संशोधन नियमावली 2011 को पूर्ववत लागू किया जाए। पटल सहायकों को लेखा संवर्ग का वेतनमान देने का शासनादेश जारी किया जाए। जनपदों व तहसीलों में लिपिक संवर्ग के अस्थायी पदों को स्थायी करने सहित 22 मांगों को लेकर चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया जा रहा है। 28 नवंबर को राजस्व परिषद लखनऊ के समक्ष प्रदेश भर के कर्मचारी धरना प्रदर्शन कर अपनी मांगों का ज्ञापन राजस्व परिषद के अध्यक्ष को देंगे। धरने में अरविंद कुमार वर्मा, जिला महामंत्री अभिषेक सिंह, एजाज अहमद, कनिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, श्रवण कुमार, अनिल सैनी सहित कलेक्ट्रेट अधिष्ठान के विभिन्न अनुभागों के कर्मचारी शामिल रहे।

# गौ आश्रय स्थल पवांस तथा गौ आश्रय स्थल मालवन विकास खण्ड सकीट का औचक निरीक्षण



क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा - विश्व हिन्दू परिषद गौ रक्षा विभाग के ब्रज प्रान्त के प्रान्त अध्यक्ष अरविन्द सिंह चौहान के द्वारा अस्थायी गौ आश्रय स्थल पवांस तथा गौ आश्रय स्थल मालवन विकास खण्ड सकीट का औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान कुलदीप यादव व रामतीर्थ भी मौजूद रहे। श्री चौहान ने कहाँ कि पवांस गौशाला में कुल 97 गोवंश है हरे चारे की व्यवस्था सन्तोषजनक नहीं थी।सफाई व्यवस्था ठीक थी।चौकीदार रमेश चन्द्र ने बताया कि एक वार मे 97 गौवंशो को एकबार मे 15द्मद्द रातव डाला जा रहा है। प्यार का भूसा खिलाया जा रहा है तथा गेहूं का भूसा दिखावे के लिए रखा हुआ है। श्री चौहान ने कहाँ कि इसी तरह अस्थायी गौ आश्रय स्थल में हरा चारा प्यार मिलाकर दोपहर में 2बजे काटकर डाला जा रहा था। रामतीर्थ केयर टैंकर ने बताया कि गौशाला में कुल 250 गोवंश है।भूसा बिल्कुल नहीं डाला जा रहा है।मलावन गौशाला पर विश्व हिन्दू परिषद गौ रक्षा विभाग द्वारा रातब भी दान दिया गया। श्री चौहान ने कहाँ कि इस संबंध में जिलाधिकारी महोदय एट को भी अवगत कराया जा सकता है

# जीएसटी एसआईबी टीम ने छापा मारकर 80 टन तंबाकू सीज की

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा -अलीगंज/ राजा का रामपुर- गुड्स सर्विस टेक्स अलीगढ़ के एसआईबी अधिकारियों ने राजा का रामपुर स्थित तंबाकू कारोबारी की फर्म पर छापामार कार्रवाई की। कार्रवाई करते हुए गोदाम में रखे माल को सीज कर दिया। पांच घंटे तक माल खरीद-फरोख्त संबंधी दस्तावेजों की बारीकी से देखे और जांच के लिए साथ ले गए। इतना ही नहीं गोदाम में रखे 80 टन से अधिक तंबाकू के माल को सीज कर दिया। जीएसटी एसआईबी अपर आयुक्त ग्रेड-दो एसएस तिवारी, ज्वाइंट कमिश्नर सत्येंद्र गौतम, डिप्टी कमिश्नर एसआईबी आरके सिंह के नेतृत्व में डिप्टी कमिश्नर राजेश कुमार ने कस्बा राजा का रामपुर स्थित डिंपल ब्रदर्स नामक तंबाकू की फर्म पर जीएसटी चोरी किए जाने की शिकायत पर छापामार कार्रवाई की। जीएसटी अधिकारियों की टीम ने दोपहर एक बजे से शाम के पांच बजे तक फर्म के गोदाम में रखे माल एवं माल के खरीद-फरोख्त संबंधी सभी दस्तावेजों एवं बैंक ट्रांजेक्शन को बारीकी देखा। अधिकारियों को जीएसटी चोरी की शिकायत में सत्यता मिली, जिसे देखते हुए कारोबारी के राजा का रामपुर स्थित गोदाम में रखे 80 टन से अधिक तंबाकू के माल को सीज कर दिया गया। अधिकारियों ने माल के खरीद-फरोख्त संबंधी सभी दस्तावेज को सीज किया और उन्हें अपने साथ ले गए, जिसकी जांच के बाद ही पता चल सकेगा कि तंबाकू कारोबारी ने कितनी जीएसटी चोरी की है। जीएसटी डिप्टी कमिश्नर राजेश कुमार ने बताया कि डिंपल एंड ब्रदर्स नामक तंबाकू कारोबारी की जीएसटी चोरी की शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसके अलाधा पर उच्चाधिकारियों के नेतृत्व में फर्म के अलीगंज स्थित गोदाम और राजा का रामपुर स्थित गोदामों पर छापामार कार्रवाई की गई। अलीगंज वाले गोदाम में माल नहीं मिला जबकि राजा का रामपुर वाले गोदाम में लगभग 80 टन से अधिक माल मिला, जिसे सीज कर दिया गया है। तंबाकू कारोबारी ने मौके पर पांच लाख रुपये जीएसटी के रूप में जमा किए हैं। माल खरीद-फरोख्त संबंधी एवं बैंक लेनदेन संबंधी सभी डिटेल एवं खाता नंबर लेकर जांच की जाएगी। उसके बाद पता चलेगा कि कारोबारी ने अब तक कितनी जीएसटी चोरी की है। उसके बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी।

# बुखार से दो बच्चियों की मौत, डेंगू पॉजिटिव रेफर

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा - मेडिकल कालेज इमरजेंसी मे सुबह बुखार से दो बालिकाओं की मौत हो गई। एक एनएस-1 डेंगू पॉजिटिव को आगरा रेफर किया गया है। इसके साथ ही तीन अन्य एनएस-1 डेंगू पॉजिटिव मारहरा क्षेत्र में निकले हैं। मेडिकल कालेज में सुबह 11 बजे बदायूं जनपद के दातागंज निवासी चार वर्षीय अनुष्का पुत्री सुमित को लेकर परिजन पहुंचे। परिजनों ने बालिका को इमरजेंसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण करने के बाद उसको मृत घोषित कर दिया। मृत बालिका के पिता सुमित ने बताया कि उसको चार दिन से बुखार आ रहा था। सुबह अचानक हालत बिगड़ने पर उसको यहां लेकर आए। इसके अलावा मारहरा के मोहल्ला काजी निवासी तीन वर्षीय महक पुत्री फईम को सुबह छह बजे इमरजेंसी में चिकित्सकों ने परीक्षण के उपरांत मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि मृत बच्ची को दो दिन से बुखार आ रहा था। कस्बा में



कराई जांच में वह मलेरिया पॉजिटिव आयी थी। जिस पर सुबह परिजन उसको इमरजेंसी लेकर आये। जहां उसकी मौत हो गई। इमरजेंसी में प्रतिदिन दर्जनभर फीवर रोगी उपचार लेने पहुंच रहे है। जहां चिकित्सक प्राथमिक उपचार देने के बाद उनको मेडिसिन विभाग में भर्ती करा रहे हैं।

## कार्ड से चार बुखार रोगी निकले एनएस-1 डेंगू पॉजिटिव

शुक्रवार को मेडिकल कालेज में कार्ड से हुई जांच में शांतिनगर निवासी पवन एनएस-1 डेंगू पॉजिटिव आए, जिनको चिकित्सक ने प्लेटलेटस अधिक गिरने पर आगरा रेफर कर दिया। इसी प्रकार मारहरा सीएचसी पर कार्ड से हुई जांच में नगला हरजू की 55 वर्षीय शांतिदेवी पत्नी अनार सिंह एनएस-1 पॉजिटिव, मारहरा के अपंजीकृत के यहा 13 वर्षीय अभय पुत्र उपदेश की जांच कार्ड से की गई, जिसमें वह एनएस-1 पॉजिटिव आया है। कस्बा की ही 30 वर्षीय विनीता पत्नी अनकुल जांच में एनएस-1 पॉजिटिव आयी हैं। उनका कस्बा के अपंजीकृत के यहां उपचार चल रहा है। मेडिकल कॉलेज एलाइजा जांच रिपोर्ट में एक डेंगू पॉजिटिव-मेडिकल कॉलेज पैथोलॉजी से आई एलाइजा जांच रिपोर्ट में एक और डेंगू पॉजिटिव निकला। यह डेंगू पॉजिटिव अवागढ़ में 30 वर्षीय रिंकू पुत्र राममूर्ति निकला है। उसके बाद जनपद में डेंगू पॉजिटिव की संख्या 62 हो गई है।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# ट्रेन की चपेट मे आने से 7 दिनो मे करीब चार गायो के कटने की मिली सूचना

क्यूँ न लिखूँ सच
महेश कछावा

नागदा-रतलाम रेल मंडल का सबसे व्यस्त रेल्वे स्टेशन जहा हर दो पांच मिनट मे एक गाडी का गुजरना आम बात है जिसमे कई ट्रेन सुपर फास्ट भी है जिनका स्टापेज नागदा न होने की वजह से एक दम तेज गति से भी गुजरती है।जिससे ट्रेक पर घूम रही गाये चपेट में आ जाने अपनी जान गवा बैठती है । शहर के कई आवारा मवेशियों को रेल्वे स्टेशन के प्लेट फार्म पर विचलन करते भी देखा गया जिसकी सूचना स्टेशन प्रबंधक




को देने के बाद रेल प्रशासन ने भी मवेशी रेल्वे स्टेशन पर नही आया उसके लिए भी अनेकों उपाय किये गये मगर नतीजा यह हुआ कि मवेशी स्टेशन पर न आकर रेल्वे ट्रेक पर घूमते रहे जिसका नतीजा यह हुआ कि करीब सात दिनों मे चार पांच गाये ट्रेन कि चपेट मे आ गयी ।मिली जानकारी के अनुसार एक गाय तो करीब आधा एक किलोमीटर तक घिसती हुई स्टेशन के प्लेट फार्म नं एक तक आ गयी जिसे वहा के कर्मचारियों ने बहुत मुश्किल से निकाला।वह तो अच्छा हुआ कोई हादसा नही हुआ ।इन सारी घटना कि जानकारी रतलाम रेल मंडल के पूर्व विशेष रूचि सदस्य राजेश सकलेचा ने इस तरह ट्रेक पर हो रहे हादसो को रोकने के लिए रेल प्रबंधक रतलाम तथा रेल मंत्री को पत्र के माध्यम से अवगत भी कराया गया है।


# राम निवास , देवसर राजेंद्र मेश्राम और चितरंगी से राधा सिंह को भाजपा ने बनाया उम्मीदवार

क्यूँ न लिखूँ सच
मानस मिश्रा

जिला सिंगरौली- मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपनी एक और सूची जारी कर दी। इस सूची में 92 नामों की घोषणा की गई है। इसमें 12 महिला हैं। चुनाव केंद्रीय समिति



की बैठक में शेष 94 नामों पर चर्चा हुई है। इसके बाद ये सूची जारी की गई। बता दें कि गुना और विदिशा से भाजपा ने नाम रोके हैं। प्रदेश की 227 सीटों पर मुकाबला लॉक हो गए हैं। सिंगरौली जिले की चारो विधानसभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों की बेसब्री से इंतजार था जिसमें शनिवार को जिले की सिंगरौली विधानसभा से भाजपा के पूर्व?जिलाध्यक्ष रामनिवास शाह को उम्मीदवार बनाया गया है। वर्तमान विधायक रामलल्लू बैस को टिकट नहीं मिला है। वहीं देवसर से पूर्व?विधायक राजेन्द्र मेश्राम को टिकट दिया गया है?जबकि वर्तमान विधायक सुभाष रामचरित्र का टिकट काट दिया गया है।?वहीं चितरंगी से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राधा सिंह को टिकट दिया गया है।?जबकि वर्तमान विधायक अमर सिंह का टिकट कट गया है।?वहीं धौहनी विधानसभा से वर्तमान विधायक कुंवर सिंह टेकाम को ही टिकट दिया गया है।



## आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर अब कार्यवाई शुरू

क्यूँ न लिखूँ सच
अखिलेश कुमार तिवारी

रीवा एमपी- रीवा बैकुंठपुर थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर अब कार्यवाई शुरू कर दी है, बैकुंठपुर थाना प्रभारी विजय सिंह ने विधानसभा चुनाव एवं लागू आचार संहिता के मद्देनजर बीती रात वाहन चेकिंग के दौरान एक बिना नंबर कि कार जो चुनाव प्रचार कर रही थी, वाहन में सिरमौर भाजपा प्रत्याशी कि चुनाव प्रचार कि सामग्री मिली है, जिस वाहन को जप्त कर बैकुंठपुर थाने में खड़ा करा दिया गया है,विधानसभा चुनाव एवं लागू आदर्श आचार संहिता का पालन कराने पुलिस लगातार चेकिंग अभियान चला रही है,



## नवरात्रि के पावन पर नौ कन्या पूजन

क्यूँ न लिखूँ सच
कारू लाल पाटीदार

मंदसौर जिले के ईशाकपुर मे नवरात्रि के पावन बेला पर नौ कन्याओं का पंडाल में गांव के सरपंच गोपाल गुर्जर जी के नेतृत्व में पूजा पाठ अर्चना के पश्चात कन्याओ महाप्रसाद वितरित किया गया माता बहनें युवा वरिष्ठजन मिलकर आशिर्वाद प्राप्त किया एवं नवरात्रि के नौ दिन चलने वाले पावन पर्व पर सभी ग्रामवासी बढचढ उर हिस्सा ले रहे है और तन मन धन मे माँ की सेवा में लगे हैं सभी परिवार सुखी हो यही कामना की गई है

# पनेठी गंगीरी रोड पर कस्बा कौड़ियागंज चौराहे के निकट एक आरामशीन के पास एक युवक का शव मिला

क्यूँ न लिखूँ सच
लवकुश ठाकुर



अलीगढ़ युवक की पहचान कस्बा कौड़ियागंज निवासी भुवनेश उर्फ विक्की पुत्र मुरारीलाल वार्ष्णेय के रुप में हुई है। मरने वाला युवक की देरशाम से गायब था। पुलिस फोरेंसिक टीम के साथ घटना की जांच में जुटी है कस्बा कौड़ियागंज निवासी मुरारीलाल वार्ष्णेय कस्बा के मेन बाजार स्थित अनाज मंडी में काफी समय से आढ़त का कारोबार करते हैं। उनका 30 वर्षीय इकलौता बेटा भुवनेश उर्फ विक्की कारोबार में हाथ बंटाता था। मुरारीलाल ने बताया है कि विक्की की देरशाम समय करीब आठ बजे घर से रामलीला देखने की कहकर गया था। जब देररात तक वापस नहीं आया तो उन्हें चिंता हुई वह बाजार आए और उसके यार दोस्तों से जानकारी की लेकिन उसका कोई पता नहीं चला।जैसे तैसे उन्होंने रात काटी। उधर की सुबह एक आरामशीन के पास से गुजरे कुछ ग्रामीणों ने एक युवक की लाश पड़ी देखी तो सनसनी फैल गई। लाश मिलने के सूचना जंगल में लगी आग की तरह चारों ओर फैल गई। यह बात मुरारीलाल के कानों तक पहुंची तो वह भी स्वजनों के साथ मौके पर पहुंचे और विक्की के रक्त रंजित शव को देख उनके होश उड़ गए। उनके करुणक्रंदन से मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। मुरारीलाल वार्ष्णेय ने बताया है कि उनकी किसी से कोई रंजिश नहीं हैं। भुवनेश उर्फ विक्की की करीब चार वर्ष पूर्व जनपद हाथरस के थाना सिकंदराराऊ के कस्बा कचौरा की किट्टी के साथ शादी हुई थी उसपर एक डेढ़ साल का बेटा गगन है। घटना की जानकारी पर थाना प्रभारी अवधेश कुमार चौकी इंचार्ज दीपक नागर पुलिस फोर्स व फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य संकलित किए हैं। एसओ ने बताया है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जायेगी।

## असगरपुर में श्रीमदभागवत कथा में श्रीकृष्ण की

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ अकराबाद- गांव असगरपुर में चल रही श्रीमदभागवत कथा में कथा व्यास राहुल कृष्ण शास्त्री ने अपने श्रीमुख से श्रीकृष्ण जन्म की वाल लीलाओं एवं कंस बध की लीला का सरस बर्णन किया। इससे पूर्व भागवत कथा में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे सर्व ब्राह्मण महासभा के प्रदेश महासचिव अरविंद पंडित ने कथा व्यास आचार्य राहुल कृष्ण का फूलमालाएं एवं पटका पहनाकर स्वागत किया। कथा के दौरान महेश कुमार उपाध्याय, वेद प्रकाश शर्मा, प्रमोद शर्मा, केशव शर्मा, संजीव त्यागी, विजेंद्र शर्मा, , रामू शर्मा, शिवजी उपाध्याय, अरविंद पाठक, अखिलेश पाठक, राजू पाठक व सचिन शर्मा, सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।



## सैकड़ो की संख्या में लोगों ने अपनी बात रखने के लिए बैंक और अन.बी.एफ.सी. के खिलाफ किया गया जोरदार प्रदर्शन

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रवीण शर्मा




रायपुर में जाकर सैकड़ो की संख्या में लोगों ने अपनी बात रखने के लिए बैंक और अन.बी.एफ. सी. के खिलाफ किया गया जोरदार प्रदर्शन रजत सिंह भारतीय ने बताया कि जब व्यक्ति कर्जा लेता है तो उसकी सम्पति, आर्थिक स्थिति और उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा को जाँच करके बैंक और अन.बी.एफ.सी कर्जा देते हैं पर उसी समय जो कर्ज दार के अधिकार होते हैं उनको किसी भी कर्जदार को नहीं बताया जाता। और ये जानबूझकर सिस्टम तैयार करके जनता को परेशान करने की मंशा से किया जा रहा है। आरबीआई की गाइड लाइन है कि हर व्यक्ति को संपूर्ण जानकारी प्राप्त हो पर कोई भी बैंक/ अन.बी.एफ.सी अपने ग्राहक को सम्पूर्ण रूप से जानकारी देने को तैय्यार नहीं है। इसके एक उदाहरण के लिए आसपास के हम किसी भी व्यक्ति से पूछें की आप का कौन सा लोन है और आपके क्या अधिकार है तो 100त्न व्यक्ति को पता ही नहीं है कि उसके क्या अधिकार है। पर जब बैंक/ अन.बी.एफ.सी से पूछा जाये कि व्यक्ति को उसके अधिकार बताएँ गए हैं तो बैंक/ अन.बी.एफ.सी डॉक्युमेंट्स दिखा कर कहते हैं कि ग्राहक ने दस्तावेजो के साथ हस्ताक्षर करके समझौता किया है। पर बैंक/ अन.बी.एफ.सी ऐसी संस्था है जो ग्राहकों को कभी सम्पूर्ण दस्तावेजों को नहीं देती है, इसपर आरबीआई की गाइड लाइन भी है की बैंक/ अन.बी.एफ.सी द्वारा ग्राहकों को दस्तावेज दिया जाना चाहिए फिर भी इन नियमों को ताक में रखते हुए लगातार लोगों को परेशान किया जाता है, मानसिक प्रताड़ित किया जाता है, ग्राहकों की सामाजिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाया जाता है तथा उनके साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। जो कि वास्तव में लगभग 90त्न कर्जदारों के साथ आज हो रहा है। नतीज़ा ये है कि बैंक/ अन.बी.एफ.सी द्वारा लोन देने के बाद इतना प्रताड़ित किया जाता है कि व्यक्ति मानसिक पीड़ा और आत्महत्या करने को मजबूर हो जाये। उनके पास कोई भी विकल्प नहीं बचता है, सभी विकल्पों मे केवल रकम खर्च होते हैं पर न्याय का मिल पाना लगभग असंभव होता है। ऐसा ही एक समस्या चरोदा मे रहने वाली संगीता बर्मन के साथ हुआ है।

